

## खबर संक्षेप

### उद्यानिकी एवं वानिकी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 27 तक

**अम्बिकापुर।** उद्यानिकी एवं वानिकी विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री एग्रीकल्चर टेस्ट के माध्यम से महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में बीएससी. ऑनर्स उद्यानिकी एवं बीएससी ऑनर्स वानिकी के 4 वर्षीय डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश मेरिट के आधार पर किया जाएगा, जो पीएटी परीक्षा में प्राप्त अंकों पर आधारित होगी। बीएससी ऑनर्स उद्यानिकी के लिए विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित 16 शासकीय महाविद्यालयों एवं 3 निजी महाविद्यालयों में कुल 1240 सीटें वहीं बी.एस.सी. ऑनर्स वानिकी पाठ्यक्रम के लिए 1 महाविद्यालय में 60 सीटें निर्धारित की गई हैं।विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित समय-सीमा में आवेदन करने तथा तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए व्यापम द्वारा निर्देश जारी किये जा चुके हैं। आनलाइन आवेदन भरने की तिथि 2 अप्रैल से 27अप्रैल तकजबकि त्रुटि सुधार के के लिए 28 से 30 अप्रैल तक कि तिथि निर्धारित की गई है।

### किशोर पर गिरी पेड़ की डंगाल, गई जान

**अम्बिकापुर।** पेड़ के नीचे खड़े किशोर पर डंगाल गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। किशोर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। किशोर अपने साथियों के साथ कालीपुर शादी के चौथी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम खुटिया निवासी अनिल दास आ. सुखल दास (15 वर्ष) सोमवार को रिश्तेदार के साथ श्रीनगर अंतर्गत ग्राम कालीपुर निवासी उमा शंकर के यहां शादी के चौथी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। शाम को जब भोजन की तैयारी कर रहे थे तभी अनिल दास घर के समीप आम पेड़ के नीचे खड़ा था। इसी बीच अचानक मौसम बदल जाने तथा आंधी तूफान आने से पेड़ का डंगाल टूट कर अनिल दास पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल अनिल दास को डंगाल के नीचे से निकाल सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोर की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज सुबह किशोर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### टाइगर रिजर्व एवं अभयारण्य भी नहीं आग से सुरक्षित

# बीस दिनों में सरगुजा वनवृत्त में जंगल जलने की 1018 घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जंगल में लगी आग।

**खास बात**

- सैकड़ों हेक्टेयर जंगल झुलसा, जैव विविधता को भारी नुकसान

अप्रैल के महीने में जंगल जलने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है। गर्मी के मौसम में हर साल जंगल जलने की घटनाएं होती हैं लेकिन महुआ फूल टपकने के बाद जंगल में आग लगने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है अभी भी लगातार जंगल जलने की घटनाएं हो रही है। गर्मी शेष बचे दो महीने विभाग के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है।

गर्मी के मौसम में वनों में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम के लिए वन विभाग फरवरी महीने में ही तैयारियां प्रारंभ कर देता है। इस दौरान अग्नि सुरक्षा के लिए हर बीट में दो-दो चौकीदारों की नियुक्ति करने के साथ ही वन अमला गांवों एवं जंगलों में भ्रमण कर ग्रामीणों को महुआ संग्रहण के लिए सूखे पत्तों में आग लगाने के बजाय झाड़ू से पेड़ के नीचे गिरे सूखे पत्तों को साफ करने के लिए जागरूक करता है। अधिकारी हर साल इस तरह का अभियान चलाने का दावा करते हैं लेकिन इसका कोई खास प्रभाव नहीं दिखाई देता। आग लगने की घटनाओं की रोकथाम के लिए राज्य स्तर पर भी सेटेलाइट इमेज के आधार पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल सूचना देने की व्यवस्था की गई है। आग से वनों को हो रही क्षति को लेकर भी विभाग काफी सख्ती बरत रहा है। इसके बावजूद जंगल जलने की घटनाएं नहीं रूक रही है। मार्च के महीने में महुआ के फूल आते ही जंगल जलने की घटनाएं शुरू हो जाती हैं तथा जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ता है आग लगने की घटनाएं भी बढ़ जाती है। अप्रैल के महीने में वनों के जलने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है। एक साथ कई स्थानों पर आग लगने के कारण विभाग के लिए भी आग पर नियंत्रण करना मुश्किल हो जाता है तथा लगातार कई दिनों तक जंगल सुलगते रहता है। आग की घटनाओं को नियंत्रित करने विभाग ने वनकर्मियों को ब्लोअर सहित अन्य आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराया है। कुछ इलाकों में आग के नियंत्रण में ग्रामवासी भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं इसके बावजूद लगातार जंगल जलने की घटनाएं हो रही है। जंगल में आग लगने से छोटे पेड़-पौधों के साथ ही दुर्लभ औषधिया वनस्पतियां एवं वनों के विस्तार में अहम भूमिका निभाने वाले अनन्य जीव नष्ट हो जाते है जिससे वन्य जीवों को चारा के लिए भटकना पड़ता है। जिन वनों में महुआ के पेड़ नहीं है वहां भी आग लगने की घटनाएं होती है। मान्यता है कि सूखे पत्तों के जलने से बरसात के मौसम में बड़े पैमाने पर प्राकृतिक मशरूम खुखड़ी एवं पुटू का उत्पादन होता है जबकि वन अधिकारी सूखे पत्तों के बरसात में सड़ने के बाद अधिक मात्रा में खुखड़ी एवं पुटू का उत्पादन होने का तर्क देकर ग्रामीणों को जगारूक कर रहे हैं। स्थिति जो भी हो जंगल जलने की घटनाओं से वनों एवं जैव विविधता पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

#### आग लगने की अब तक 1018 घटनाएं

सरगुजा वनवृत्त अंतर्गत विभिन्न 6 वनमण्डलों में अब तक जंगल जलने की 699 घटनाएं हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार जंगल जलने की घटनाओं में काफी कमी आई है। पिछले साल जंगल जलने की घटनाओं का आंकड़ा 2000 के निकट पहुंच गया था। इस बार विभाग ने इन घटनाओं को रोकने नए प्रयोग किए हैं जिसका सकारात्मक परिणाम मिला है। जंगल जलने की सबसे अधिक 175 घटनाएं बलरामपुर में जबकि सबसे कम 48 घटनाएं सरगुजा वन मंडल में घटित हुई है। इसी तरह सूरजपुर वनमण्डल में जंगल जलने की 131, कोरिया में 70, मनेन्द्रगढ़ में 151 एवं जशपुर वनमण्डल में 110 घटनाएं घटित हुई है। आग लगने से सरगुजा वनमंडल में 27.61 हेक्टेयर, सूरजपुर में 33.46 हेक्टेयर, बलरामपुर में 34.74 हेक्टेयर, कोरिया में 22.81 हेक्टेयर, मनेन्द्रगढ़ में 14 हेक्टेयर एवं जशपुर में 153.89 हेक्टेयर जंगल झुलस गया है।

#### टाइगर रिजर्व भी नहीं है सुरक्षित

टाइगर रिजर्व एवं अभयारण्यों में मानवीय दखल प्रतिबंधित होने के कारण इन्हें वनों व वन्यजीवों के लिए बेहद सुरक्षित माना जाता है। यह जानकार हैरानी होगी कि जंगल जलने के मामले में गुरूघासीदास तमोर पिंगल टाइगर रिजर्व सेमरसोत एवं बादल खोल अभ्यारण्य भी सुरक्षित नहीं है। गुरूघासीदास नेशनल पार्क में अब तक जंगल जलने की 180 घटनाएं एवं तमोरपिंगला टाइगर रिजर्व में 11 घटनाएं हुई है। सेमरसोत अभयारण्य में आग लगने की 7 एवं बादलखोल अभयारण्य में 17 घटनाएं हुई है। आग लगने की घटनाओं से गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व में 57.43 हेक्टेयर, सेमरसोत अभयारण्य में 1.90 हेक्टेयर, तमोर पिंगला एलिफेंट रिजर्व में 4.60 हेक्टेयर एवं बादल खोल एलिफेंट रिजर्व में सर्वाधिक 76.08 हेक्टेयर जंगल झुलस गया है।

#### जंल जलाते 3 धराए, भेजे गए जेल

वनों को आग से बचाने के लिए वन अधिकारियों ने इस बार कई नए प्रयोग किए हैं जिससे जंगल जलने की घटनाओं में कमी आई है। बलरामपुर वनमंडल अंतर्गत वनपरिक्षेत्राधिकारी रामानुजगंज एवं रघुनाथनगर में वन अमले ने महुआ बीनने के लिए सूखे पत्तो में आग लगाने के दौरान तीन ग्रामीणों को पकड़ा था। इन ग्रामीणों को वन सुरक्षा अधिनियम, वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया था। विभाग की इस कार्रवाई का ऐसा असर हुआ कि गिरफ्तारी के डर से ग्रामीणों ने सूखे पत्तों में आग लगाना कम कर दिया। आग की रोकथाम के लिए विभाग ने वनमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 200 सुरक्षा चौकियों की स्थापना कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई है। अन्य वनमंडलों में भी आग लगने की घटनाओं को रोकने नए प्रयोग किए गए हैं जिसका सकारात्मक प्रभाव सामने आया है।

#### कम हुई हैं घटनाएं

आग की घटनाओं को रोकन की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। महुआ सीजन में आग लगने की घटनाएं अधिक होती है विभाग की सक्रियता से आग लगने की घटनाओं में कमी आई है।

-आलोक वाजपेयी
डीएफओ बलरामपुर




वनकर्मियों के गिरफ्त में आरोपी व जब्त हथियार।

## धमनी जंगल में वन्यजीवों का शिकार, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


- वनकर्मियों ने आरोपियों से जब्त किया हथियार, बारूद
- दुर्लभ चिड़िया की प्रजाति रंग प्यारी के 3 नग तथा एक गिलहरी का किया था शिकार, आरोपियों को भेजा गया जेल

बलरामपुर वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धमनी में अवैध शिकार के एक मामले का खुलासा करते हुए वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार, उप परिक्षेत्र सुंदरपुर के डुग्गर परिसर क्षेत्र में दुर्लभ चिड़िया की प्रजाति रंग प्यारी के 3 नग तथा एक गिलहरी का अवैध शिकार करते हुए आरोपियों को पकड़ा गया। मामले में वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2(16), 9, 39, 50 एवं 51 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया किया गया गया है। प्रकरण क्रमांक 22296/18 दिनांक 18 अप्रैल 2026 को दर्ज कर जांच शुरू की गई।वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिन्हें 19 अप्रैल को जिला जेल रामानुजगंज में दाखिल किया गया। अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई में शामिल सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड लिया गया है। वनमंडलाधिकारी आलोक कुमार वाजपेयी के निर्देश पर उप वनमंडलाधिकारी वाड्रफनगर प्रेमचंद मिश्रा एवं परिक्षेत्राधिकारी धमनी केशव राज खटकर के नेतृत्व में आरोपियों को गिरप्तार किया गया।वन कर्मियों ने आरोपियों सेअवैध शिकार में उपयोग किए जाने वाले हथियार एवं बारूद को जब्त किया है।

कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक हरिशंकर सिंह, बसंतलाल नेताम, परिसार रक्षक मनदेव प्रसाद गुप्ता, लालमती सोनवानी सहित वाहन चालक एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्यों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। वनअधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शिकार के खिलाफ अभियान अनवरत जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सिंहदेव की पहल पर लखनपुर में बाईपास लेमरू में बनेगी फोरलेन सड़क



**अम्बिकापुर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टीस सिंहदेव द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को प्रेषित एक सुझाव पत्र के उपरांत अब अम्बिकापुर- कटघोरा मार्ग पर प्रस्तावित फोरलेन रोड पर लखनपुर में बाईपास के साथ लेमरू प्रोजेक्ट के क्षेत्र में वन्य-जीवन अनुकूल सड़क का निर्माण होगा।

उल्लेखनीय है कि अम्बिकापुर से कटघोरा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग 130 को अपग्रेड कर इसे फोरलेन में बदलने की स्वीकृति हो गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग सलाहकार कंपनी के माध्यम से इसके डीपीआर पर काम कर रही है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग का एक बड़ा हिस्सा सरगुजा, सूरजपुर एवं कोरबा जिले में उस वन्यक्षेत्र से गुजरता है जिसे लेमरू हाथी प्रोजेक्ट क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया गया है। इसके अलावा इस मार्ग पर लखनपुर बस्ती भी है जहां बायपास के अभाव में यातायात का भारी दबाव नगर के बीच से गुजरने वाले मुख्य मार्ग पर है, जिसपर आए दिन दुर्घटना में जानमाल का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इन परिस्थितियों को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने 8 मार्च को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को एक पत्र प्रेषित कर 2 बिंदुओं पर अपना सुझाव दिया था । पहला सुझाव लखनपुर नगर पंचायत क्षेत्र को यातायात के दबाव से मुक्त करने के लिए यहां बायपास बनाने का था। वहीं दूसरा सुझाव लेमरू हाथी रिजर्व क्षेत्र में इस सड़क के विस्तार को लेकर था। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह सुझाव दिया था कि इस क्षेत्र में बन रहे इस फोरलेन सड़क को भारत माला प्रोजेक्ट के उन नॉर्म के तहत बनाया जाए जिससे इस क्षेत्र के वन्यजीवों को संरक्षण मिले। उन्होंने सुझाव उल्लेख किया था कि लेमरू हाथी प्रोजेक्ट क्षेत्र में एनिमल बेरिकेटिंग के साथ ही पर्याप्त संख्या में एनिमल अंडरपास बनाये जाएं। पूर्व उपमुख्यमंत्री के सुझावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने 20 अप्रैल को इस मार्ग के लिए डीपीआर बना रही। सलाहकार संस्था को इस अनुरूप आवश्यक संशोधन कर डीपीआर देने हेतु पत्र जारी किया, साथ ही पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव को इस बात से अवगत कराया है।

## छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 को

**सूरजपुर।** छग कृषि विपणन मंडी बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती की परीक्षा 16 जिलों में 26 अप्रैल को आयोजित की जा रही है, जिसका कड़ाई से परीक्षार्थियों को पालन करना आवश्यक है।परीक्षा में जिले से शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए जिला प्रशासन कहा कि परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे, ताकि उनकी फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन की कार्रवाई समय पर पूर्ण की जा सके। परीक्षा सुबह 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा, इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचकर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर लें।

## ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कटनी गुमला नेशनल हाईवे क्रमांक 43 पर सुबह एक बड़ी दुर्घटना हो गई। ग्राम सरईपारा में ट्रक और बाइक के बीच हुए टक्कर में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। युवक हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ जमा हो जाने से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गई और काफी देर तक नेशनल हाईवे पर आवागमन बाधित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले भीड़ को नियंत्रित किया उसके बाद आवागमन बहाल कराया। सड़क दुर्घटना के बाद चालक मौके पर ही वाहन छोड़ फरार हो गया। पुलिस द्वारा ट्रक को जब्त कर थाने लाया गया।



जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के ग्राम लुड़ेग निवासी मुनेश्वर प्रधान आ. स्व. घसिया राम प्रधान (44 वर्ष) सुबह काम के सिलसिले में लेबर मिस्त्री लेने सीतापुर आया था। लेबर मिस्त्री खोलने के बाद वह बाइक क्रमांक सीजी 13 ए 6414 से वापस अपने घर ग्राम लुड़ेग जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 29 एबी 0147 से बाइक की सीधी टक्कर हो गई। ट्रक व बाइक की टक्कर इतीन जबरदस्त थी कि बाइक सवार के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक डर से वाहन को मौके पर ही छोड़ फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई जिससे आवागमन काफी देर तक बाधित हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवागमन बहाल कराया। आवागमन बहाल होने के बाद शव अस्पताल भेजा और ट्रक को जब्त कर थाने ले आई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है वहीं मृतक के चचेरे भाई की रिपोर्ट पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध धारा 106(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## बस स्टैंड के समीप बोलेरो से टकराई कार


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- दो लोगों को आई चोटें, कार का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त




सोमवार की देर रात करीब नौ बजे बस स्टैंड बिश्रामपुर के पास एनएच 43 में बोलेरो वाहन और मारुति सेलेरियो कार की आमने सामने हुई भिड़ंत में कार सवार दो लोगों को चोटे आई है। दुर्घटना में कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना एनएच 43 के बीचों बीच होने से कुछ देर के लिए सड़क पर ट्रैफिक प्रभावित हुआ ।सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंच दुर्घटनाग्रस्त दोनो वाहनों को सड़क से हटा किनारे कराया और आहत महिला पुरुष को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया है।

बताया गया कि रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर के अवराडुग्गू मोहल्ला निवासी सीएफ के जवान प्रकाश कुमार अपने परिवार के साथ मोहल्ले के विवाह समारोह में शामिल होने गुरु रामदास सराय धर्मशाला जाने के लिए अपने सेलेरियो कार सीजी 10 ए क्यू 4194 से सपरिवार निकले थे बस स्टैंड शॉपिंग कांप्लेक्स के पास अंबिकापुर की तरफ से आ रही एसईसीएल से अनुबंधित बोलेरो वाहन सीजी 12 बीएच 4272 के चालक ने सामने से कार को तेज गति से टक्कर मार दी ।घटना में तेज धमाके की आवाज के बाद मौके पर आसपास के लोग दौड़े और घायलों को कार से बाहर निकाल अस्पताल भिजवाया ।सूचना पर बिश्रामपुर थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच सड़क के बीचों बीच दुर्घटना ग्रस्त हालत में खड़ी दोनों वाहनों को सड़क से हटवा किनारे कराया और अस्पताल पहुंच घायलों के स्थिति देख उपचार शुरू कराया ।बताया जाता है जिस जगह घटना घटी वह नगर का हृदय स्थल है ।बस स्टैंड में पूरे दिन चहल पहल होने यहां भीड़ रहती है ।मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि अंबिकापुर से सूरजपुर जाते बाएं ओर स्थित फल दुकान के संचालक फुटपाथ में कब्जा तो जमाए ही हैं इसके अतिरिक्त वे दुकान के सामने सड़क पर भी फल की टोकरी एवं अन्य सामान निकाल यातायात को बाधित करते हैं। बीती रात इन्हीं फल दुकान के सामने कार के सड़क पर खड़े होने के कारण बोलेरा चालक सामने से आ रहे दूसरे वाहन को बचाने कार को अपनी चपेट में ले लिया ।घटना के बाद तत्काल आसपास के दुकान संचालकों ने सड़क पर पड़ा समान हटा लिया ।बता दें कि इसी सौ कदम में नगर पंचायत शिवनंदनपुर का कार्यालय संचालित है इसके अतिरिक्त पुलिस और यातायात के जवान इसी सड़क से आना जाना करते हैं लेकिन फल दुकान दारों को किसी ने न कभी टोका और न ही कार्यवाही की जिससे इनके हौसले बढ़े हैं।

## खबर संक्षेप

### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर की सख्ती

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और वित्तीय अनुशासन पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केन्द्र सरकार द्वारा लागू प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के संशोधित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

### ज्ञान शिखरः कौन बनेगा विजेता समर प्रतियोगिता

**मनेन्द्रगढ़।** ग्रीष्मावकाश के दौरान विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से जिले में ज्ञान शिखरः कौन बनेगा विजेता शैक्षिक एवं कौशल आधारित समर प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार यह प्रतियोगिता विकासखंड एवं जिला स्तर पर आयोजित होगी। इसमें शासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं को भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता का प्रथम चरण 27 अप्रैल को विकासखंड स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम 2 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद प्रत्येक विकासखंड से चयनित शीर्ष 8 प्रतिभागी जिला स्तर पर पहुंचेंगे। जिला स्तरीय ग्रैंड फिनाले 6 मई को प्रातः 8 बजे शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगा।

### किसान को मिला धान बिक्री का बकाया भुगतान

**बैकुण्ठपुर।** जिला कोरिया में एक किसान की धान बिक्री राशि को लेकर की गई शिकायत का त्वरित निराकरण करते हुए प्रशासन ने उसी दिन राहत पहुंचाई। मंगलवार को कलेक्टरेट में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी को ग्राम सलगवांकला निवासी किसान विवेक कुमार एवं उनकी पत्नी द्वारा आवेदन देकर बताया गया था कि वर्ष 2025-26 में बेचे गए धान की राशि में से 31,000 रूपए सहकारी समिति द्वारा कथित रूप से काट लिए गए हैं। आवेदन में किसान ने बताया कि उसने लगभग 28.80 क्विंटल धान विक्रय किया था, जिसका आंशिक भुगतान ही मिला और शेष राशि पुराने ऋण के नाम पर काट ली गई। किसान ने यह भी स्पष्ट किया कि उसके ऊपर कोई बकाया ऋण नहीं है, फिर भी उसे तीन महीनों से सहकारी बैंक और समिति के चक्कर लगाने पड़ रहे थे। महत्वपूर्ण बात यह रही कि 20 अप्रैल को जनदर्शन में कलेक्टर ने तत्काल आवेदन को संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए, संबंधित विभाग के अधिकारी उसी दिन शिकायत का निराकरण कर दिया गया और पूरी राशि किसान को प्राप्त हो गई।

### डीएवी में महात्मा हंसराज की मनी जयंती



**वेस्ट चिरमिरी।** 18 अप्रैल को डीएवी पब्लिक स्कूल बरतुंगा चिरमिरी के सभागार में महात्मा हंसराज जी की 162 वीं जयंती समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य एसके पांडे के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्कृत शिक्षक सुनील कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा तीसरी से दसवीं तक के सभी बच्चों एवं विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शालेय सदस्यों ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री पांडे ने महात्मा हंसराज जी के जीवन पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ शिक्षक नारायण अग्रवाल ने भी हंसराज जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर की सख्ती

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और वित्तीय अनुशासन पर विशेष जोर दिया गया।

---

## जल जीवन मिशन योजना का नहीं मिल रहा लाभ, प्रशासन से पहल की मांग

# पण्डो परिवार पेयजल के लिए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाने की योजना है, लेकिन योजना का क्रियान्वयन प्रभावी तरीके से नहीं होने के कारण आज जिले में जल जीवन मिशन योजना का हाल बेहाल है। कोरिया जिले के लगभग पंचायत क्षेत्रों में आधे-अधूरे कार्य किए गए हैं, इसके चलते लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

■ हैण्डपंपों के हलक सूखे


जिले के दूर-दराज के ग्राम पंचायतों को छोड़ दिया जाए तो जिला मुख्यालय के निकट के पंचायतों में भी स्थिति खराब है। जल जीवन मिशन योजना का हाल उस गांव में भी ठीक नहीं है, जहां सरकार के विशेष संरक्षित जनजाति जिन्हें राष्टपति का दत्तक पुत्र भी कहा जाता है,उनके बहुलता वाले क्षेत्र में भी जल जीवन मिशन योजना दम तोड़ रही है। ऐसी हालत में विशेष संरक्षित जनजाति अपने हाल पर प्रतिदिन पेयजल के लिए संघर्ष कर रही है। आनंदपुर वन ग्राम में विकास की तस्वीरे कागजों पर तो चमक रही है, लेकिन धरातल पर यहां की पण्डो जनजाति बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

सरकार के जल जीवन मिशन के तहत खर्च किए गए लाखों रूपए यहां केवल सरकारी पाईपो और सूखी टंकियों तक ही सिमट कर रह गए हैं। जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत वन ग्राम आनंदपुर जो कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से महज 12 से 14 किमी की दूरी पर स्थित है। वन ग्राम आनंदपुर जो सरकार के विशेष संरक्षित जनजाति पण्डो बाहुल्य ग्राम है, यहां इन परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण घर से लंबी दूरी पर स्थित ढोढ़ी से प्रतिदिन पेयजल प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार आनंदपुर के स्कूल के पास बोर स्थित है, लेकिन गर्मी में ज्यादा देर नहीं चलता। कुछ लोगों के घर के पास कुआं है, इससे वे पेयजल प्राप्त करते हैं, लेकिन ज्यादातर परिवारों को ढोढ़ी से पेयजल लाने की मजबूरी है। इस तरह प्रतिदिन पण्डो परिवार की महिलाएं सुबह होने के साथ ही पेयजल के लिए जद्दोजहद करती है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यहां की प्रमुख समस्या पेयजल की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल जीवन मिशन की बंद पड़ी पानी की टंकी को तत्काल चालू कर घरों तक पानी पहुंचाया जाए ,ताकि उन्हें दूर ढोढ़ी से पेयजल लाने की मजबूरी से मुक्ति मिल सके।










### नल पोस्ट बढ़ा रहे घर की शोभा

वन ग्राम आनंदपुर के लगभग सभी घरों के आंगन एवं आस-पास में जल जीवन मिशन के नल के पोस्ट लगे हुए हैं, लेकिन आधे-अधूरे कार्य के कारण एक बूंद पानी अब तक नहीं आया। महीनों से लोगों के घरों के सामने लगे नल के पोस्ट घर की शोभा बढ़ा रहे हैं, जिन्हें देखकर ऐसा लगता है कि लोगों के घर तक पानी पहुंच रहा होगा, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके विपरीत है।

### लाखों खर्चे फिर भी टंकी सूखी

वन ग्राम आनंदपुर में जल जीवन मिशन के तहत लाखों रूपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण गांव के विद्यालय के निकट बनाया गया है, कई महीने बीत जाने के बाद भी बनाई लाखों रूपए खर्च कर बनाई पानी टंकी खुद प्यासी है। निर्मित पानी टंकी के पास लगे सूचना बोर्ड में अंकित जानकारी भी अब मिटने लगा है।

### हैडपंप बिगड़ा, एक में पानी कम

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन ग्राम आनंदपुर में स्कूलपारा के निकट सड़क किनारे एक हैंडपंप काफी समय से बिगड़ा पड़ा है, जिसका सुधार अब तक नहीं हो पाया है, इसके चलते भी लोगों को ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं दूसरे क्षेत्र में खेत में हैंडपंप चालू हालत में हैं, लेकिन ग्रामीण बताते हैं कि वह ज्यादा देर पानी नहीं मिलता, इसके चलते कई परिवार दूर खेत में स्थित ढोढ़ी से पेयजल प्राप्त करना पड़ता है।

### भू-जल स्तर भी गिरा

वन ग्राम आनंदपुर में भू-जल स्तर गिरने के कारण भी परेशानी हैं। जानकारी के अनुसार आनंदपुर में कुछ लोगों के घर के पास कुआं हैं, लेकिन उनमें पानी सूखने के कगार की स्थिति में अभी से आ गए हैं, वहीं एक स्थान पर स्थित कुआं तो पूरी तरह से सूख गया है।

---

# मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 को

## परीक्षार्थियों को 9:30 बजे के बाद नहीं मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार 26 अप्रैल को किया जाएगा। इस परीक्षाकल के लिए जिले में 19 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें 4 हजार 855 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा का समय सुबह 10 से 12:15 बजे तक निर्धारित किया गया है।

■ जिले में 19 परीक्षा केन्द्रों में 4,825 अभ्यर्थी होंगे शामिल

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केन्द्रों के मुख्य द्वार सुबह 9:30 बजे बंद कर दिए जाएंगे, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ऐसे में सभी अभ्यर्थियों को समय से पहले केन्द्र पहुंचने की सलाह दी गई है। अभ्यर्थियों को परीक्षा से एक दिन पहले अपने परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही परीक्षा शुरू होने से कम से कम 2 घंटे पहले केन्द्र पहुंचना अनिवार्य किया गया है, जिससे फ्रिस्किंग और पहचान पत्र सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

### नियमों का करना होगा पालन

ड्रेस कोड के तहत अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आना होगा, जबकि गहरे रंग के कपड़े पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी और किसी भी प्रकार के आभूषण, विशेषकर कान के वर्जित रहेंगे। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ आदि ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। केवल काला या नीला बॉल पेन ही साथ लाने की अनुमति होगी। अनुचित साधनों के उपयोग पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अभ्यर्थिता समाप्त करने की चेतावनी भी दी गई है। प्रशासन ने परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। सभी केन्द्रों पर आवश्यक संख्या में वीक्षक नियुक्त किए जाएंगे और अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण 24 एवं 25 अप्रैल तक पूर्ण किया जाएगा। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी और महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे सभी निर्देशों का पालन करें और समय का विशेष ध्यान रखते हुए परीक्षा में शामिल हों, ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

---

## चिलचिलाती धूप में सुकून...



**बैकुण्ठपुर।** शहर के सड़क किनारे चिलचिलाती धूप के बीच फूल पौधे की दुकान में विभिन्न तरह के गुलाब सहित अन्य तरह के फूल मुस्कुरा रहे हैं। इन पर कड़ी धूप का कोई असर नहीं।

### पटना नपं में पथ विक्रेताओं को मिलेगा स्वनिधि ऋण

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना पीएम स्वनिधि 2.0 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निकायवार ऋण वितरण लक्ष्य जारी कर दिए गए हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत पटना के लिए भी पथ विक्रेताओं को ऋण उपलब्ध कराने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जारी लक्ष्य के अनुसार नगर पंचायत पटना क्षेत्र में 147 पथ विक्रेताओं को प्रथम चरण में 15 हजार रूपए तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। योजना का उद्देश्य छोटे व्यापारियों, ठेला-रेहड़ी संचालकों और स्ट्रीट वेंडर्स को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

---

# श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



आमाखेरवा रोड स्थित श्री दुर्गा धाम में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विश्व कल्याण एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना के साथ सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया। मंदिर परिसर में भक्ति भाव से गूंजते भजनों और मंत्रोच्चार ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए समाज में एकता, धर्म और संस्कारों को बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि परशुराम केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि धर्म, न्याय और सत्य के प्रतीक हैं। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि अन्याय के खिलाफ खड़े होना और धर्म की रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। वक्ताओं ने समाज को संगठित रहने, शिक्षा और संस्कारों को बढ़ावा देने तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में महिला सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। संध्या तिवारी, सरोज तिवारी, सुषमा त्रिपाठी, सरला दुबे, अंजू पांडे, किरण तिवारी, ज्योति मिश्रा, सुचि पांडे, अर्चना, अरूणा शुक्ला, रिंकी तिवारी, दीपा पांडे, निशा ओझा, उत्तरा तिवारी, सुनीता शुक्ला, ममता पांडे सहित समस्त महिलाएं उपस्थित रहीं और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं पुरुष वर्ग में जिलाध्यक्ष द्वारिका मिश्र, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद तिवारी, संजय त्रिपाठी, अधिवक्ता प्रकाश शुक्ला, राजकुमार पांडे, नित्यानंद द्विवेदी, पुष्कर तिवारी, रामचरित द्विवेदी, डॉ. विनोद पाण्डेय, माधव त्रिपाठी अर्जुन पाठक, तिवारी, गौरव तिवारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

### भीषण गर्मी में रूलाने लगी बिजली, शहरवासी बेहाल

**बैकुंठपुर।** गर्मी का पारा चढ़ते ही विद्युत व्यवस्था ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। शहर में मंगलवार को बिजली की लगातार आंख-मिचौली से आमजन हलाकान हैं। दिन हो या रात, बार-बार बिजली गुल होने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बीच बिजली कटौती ने हालात और बदतर कर दिए हैं। खासकर दोपहर और शाम के समय लगातार ट्रिपिंग और अनियमित आपूर्ति से घरों में पंखे-कूलर बंद हो जाते हैं, जिससे लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।रात के समय भी बिजली की समस्या कम नहीं हो रही है। कई इलाकों में देर रात तक बिजली गुल रहने से लोगों की नींद हराम हो रही है। लगातार कटौती के कारण इन्वर्टर भी जवाब देने लगे हैं।

## पारदर्शी वितरण के लिए समितियों में हो भंडारण, उप संचालक को ज्ञापन



**मनेन्द्रगढ़।** छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला इकाई एमसीबी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उप संचालक कृषि से मुलाकात कर विभागीय आदान सामग्रियों के भंडारण के संबंध में महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा।

संघ की मांग है कि विभागीय योजनाओं के तहत प्राप्त होने वाले बीज, उर्वरक और कल्चर का भंडारण विकासखंड कार्यालयों के बजाय अनिवार्य रूप से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में कराया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने उप संचालक का ध्यान संचालनालय कृषि, रायपुर द्वारा वर्ष 2018 में जारी स्पष्ट निर्देशों पत्र क्रमांक/ई-6/बीज/2017-18/168-169 की ओर आकर्षित किया। संघ ने अवगत कराया कि शासन के स्पष्ट आदेशों के बावजूद कई स्थानों पर भंडारण नियमों के विपरीत अन्य कार्यालयों में किया जा रहा है, जिससे कई व्यावहारिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आदान सामग्रियों का भंडारण सहकारी समितियों में कराए जाने से वितरण व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनेगी। साथ ही मैदानी स्तर पर कार्यरत कृषि अधिकारियों को भी कार्य निष्पादन में सुविधा प्राप्त होगी। जिलाध्यक्ष दीपक कुमार साहू ने बताया कि सहकारी समितियों में भंडारण सुनिश्चित होने से निम्नलिखित लाभ होंगे। किसानों को उनके निकटतम स्तर पर समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### चाइल्ड हेल्पलाइन की तत्परता से टला बाल विवाह

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध प्रशासन की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। ग्राम मुसरा एवं ग्राम सिरौंदी थाना मनेन्द्रगढ़ में प्रस्तावित बाल विवाहों की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को प्राप्त होते ही जिला प्रशासन सक्रिय हो गया और समय रहते दोनों मामलों में हस्तक्षेप कर विवाह को रूकवा दिया गया। सूचना मिलते ही जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा तत्काल संयुक्त टीम का गठन किया गया। ब्लॉक परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में सेक्टर सुपरवाइजर, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम, जिला बाल संरक्षण इकाई, थाना केल्हारी का पुलिस बल तथा स्थानीय सरपंच एवं पंच की उपस्थिति में दोनों गांवों में पहुंचकर बाल विवाह की प्रक्रिया को रोक दिया गया। कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा संबंधित परिवारों को बाल विवाह के दुष्परिणामों जैसे शिक्षा में बाधा, स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव एवं सामाजिक विकास में रूकावट के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया गया कि बालक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा बालिका की 18 वर्ष निर्धारित है और इसका उल्लंघन दंडनीय अपराध है।

---

# 49 श्रद्धालु विशेष रेल से करेंगे अयोध्या धाम की यात्रा




हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

छग शासन की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले से चयनित श्रद्धालुओं का दल 21 अप्रैल को असीम उत्साह एवं श्रद्धा के साथ अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। शासन की इस जनकल्याणकारी योजना के माध्यम से आम नागरिकों को भगवान श्रीराम के जन्मस्थल के दर्शन का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर कुल 57 श्रद्धालुओं की सूची तैयार कर छग पर्यटन बोर्ड को प्रेषित की गई थी, जिनमें से 49 श्रद्धालु यात्रा के लिए रवाना हुए। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से श्रद्धालुओं का दल बस द्वारा अंबिकापुर के लिए प्रस्थान किया, जहां से वे विशेष रेल के माध्यम से अयोध्या धाम पहुंचेंगे। 24 अप्रैल तक प्रस्तावित इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, दर्शन, सुरक्षा एवं चिकित्सकीय सुविधाओं की समुचित व्यवस्था शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। साथ ही यात्रा दल के साथ एक एस्कॉर्ट अधिकारी की भी तैनाती की गई है, जो पूरी यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं का सतत पर्यवेक्षण करेंगे। अयोध्या के लिए रवाना होते समय श्रद्धालुओं के चेहरों पर उत्साह एवं भक्ति भाव स्पष्ट रूप से झलक रहा था। श्रद्धालुओं ने इस अवसर के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके जीवन का एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव सिद्ध होगी। राम धुन, भजन एवं जयघोषों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

---

# जमगहना तिराहे पर जिग-जैग निर्माण और खरवत चौक पर सिग्नल की मांग, हादसों के बाद उठी आवाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बीते दिवस जमगहना तिराहे पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद क्षेत्रवासियों में आक्रोश और चिंता दोनों बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तिराहे पर जिग-जैग (स्पीड कंट्रोलर) का निर्माण कराया जाए, ताकि तीनों दिशाओं से आने वाले वाहन धीमी गति से गुजरें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके।

■ चौक पर दिनभर वाहनों का बना रहता है दबाव

स्थानीय नागरिक सौरभ सिंह का कहना है कि तिराहे पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हादसे का खतरा बना रहता है। यदि यहां जिग-जैग या स्पीड ब्रेकर बनाए जाते हैं, तो वाहन चालकों को मजबूरन गति कम करनी पड़ेगी और लोग सुरक्षित तरीके से सफर कर सकेंगे। इसी के साथ नागरिकों ने खरवत चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की भी मांग की है। उनका कहना है कि यह चौक काफी व्यस्त है, जहां दिनभर वाहनों का दबाव बना रहता है। सिग्नल नहीं होने के कारण अक्सर अव्यवस्था और दुर्घटनाओं की स्थिति बनती है।

### स्पीड कंट्रोल ही सुरक्षा की कुंजी

जागरुक लोगों ने वाहन चालकों से भी अपील की है कि वे अपनी गति पर नियंत्रण रखें और यातायात नियमों का पालन करें। उनका कहना है कि प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों की जिम्मेदारी भी है कि वे सावधानी बरतें, तभी दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से जल्द कार्रवाई करते हुए जमगहना तिराहे पर जिग-जैग निर्माण और खरवत चौक पर सिग्नल व्यवस्था लागू करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सके।

## खबर संक्षेप



### 850 तीर्थयात्रियों को लेकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई विशेष ट्रेन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा संचालित श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना के तहत मंगलवार को अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन से 850 तीर्थयात्रियों को लेकर एक विशेष ट्रेन अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस विशेष ट्रेन को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। ट्रेन के प्रस्थान से पूर्व सांसद चिंतामणि महाराज ने स्टेशन परिसर में तीर्थयात्रियों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने यात्रियों का कुशलक्षेम जाना और उनकी सुखद व मंगलमय यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सरगुजा संभाग अंतर्गत जिलों के लिए शासन द्वारा कुल 850 यात्रियों का कोटा निर्धारित किया गया है, जिसमें सरगुजा के लिए 170, जशपुर के लिए 204, बलरामपुर-रामानुजगंज के लिए 164, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के लिए 57, कोरिया के लिए 108 तथा सूरजपुर के लिए 147 यात्रियों की संख्या तय की गई है। जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं उप संचालक समाज कल्याण विभाग, वीके उके ने बताया कि सरगुजा जिले से कुल 138 तीर्थयात्री इस जत्थे में शामिल हैं।

### कमीशन से चलता है गांजे का काले कारोबार एक किलो पर मिलता है एक हजार

**रायगढ़।** जिले में गांजे का काले कारोबार



कमीशन पर चलता है। यहां युवाओं को एक किलो गांजे पर एक हजार मिलता है। इसी लालच में युवा इस काले कारोबार के सहभागी बन रहे हैं। अभी पुलिस ले गांजा तस्करी के फरार मुख्य आरोपी सदानंद भाट को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जशपुर जिले के महेशपुर बागबहरा का निवासी है और अंतरजिला गांजा सप्लाई नेटवर्क की अहम कड़ी माना जा रहा था। इस मामले में पहले ही दो आरोपी श्रवण कुमार निषाद और महेंद्र प्रसाद चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पूछताछ के दौरान दोनों ने सदानंद भाट और रामकुमार कुजूर के नाम का खुलासा किया था, जिसके बाद से पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी। यह गिरोह ओड़िशा से गांजा खरीदकर रायगढ़ के रास्ते अन्य राज्यों में सप्लाई करता था। तस्करी के लिए बेहद शातिर तरीका अपनाया गया था और कार के दरवाजों और बैक लाइट में गुप्त चेंबर बनाकर गांजा छिपाया जाता था, ताकि पुलिस को भनक न लगे। बीते 1 मार्च को लैलूंगा पुलिस ने पाकरगांव अटल चौक के पास घेराबंदी कर एक कार को पकड़ा था। तलाशी में 29.115 किलो गांजा बरामद हुआ था, जिसमें अलग-अलग आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ मिला। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी रामकुमार कुजूर द्वारा तस्करों को प्रति 10 किलो गांजा लाने पर 10 हजार कमीशन देने का लालच देता था। इसी लालच में आरोपी युवक इस अवैध कारोबार में शामिल हुए थे। पुलिस ने 19 अप्रैल को उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी के साथ मिलकर गांजा सप्लाई नेटवर्क में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। फिलहाल आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## 4 लाख की 7 बाइक बरामद

# बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने दो शातिर चोर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में हो रही दो पहिया वाहन चोरी के मामले में मणिपुर पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी। पुलिस ने न सिर्फ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया बल्कि आरोपियों के पास से 4 लाख कीमत के चोरी किए गए 7 बाइक बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

**खास बात**
- शहर के अलग-अलग क्षेत्र से किए थे चोरी



पुलिस गिरफ्त में आरोपी, जब्त बाइक।

पुलिस के मुताबिक भगवानपुर सुभाष नगर निवासी शिवम रवानी ने 10 अप्रैल को मणिपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 9236 को मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से उस समय चोरों ने पार कर दिया जब वह इलाज कराने अस्पताल गया था। काफी खोजबीन के बाद बाइक नहीं मिलने पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(बी) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इधर शहर में आए दिन हो रही बाइक, स्कूटी चोरी होने की शिकायत पर एसएसपी राजेश अग्रवाल ने अभियान चलाकर दो पहिया वाहन बरादम करने के निर्देश दिए। एएसपी के निर्देश पर मणीपुर एवं साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश शुरू की। इसी बीच मुखबिर सूचना पर पूर्व के दोपहिया वाहन चोरी के मामले में शामिल आरोपी लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बरगीडीह पार्वतीपुर निवासी दीपक प्रजापति आ. प्रेम साय प्रजापति (23 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में आरोपी पहले पुलिस को गुमराह करने लगा जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ किया तो आरोपी ने शहर एवं आसपास क्षेत्र से बाइक चोरी करने की बात कबूल की। आरोपी ने बताया कि इस वर्ष फरवरी में अपने नानी के घर ग्राम चांदो लखनपुर गया था, जिसको लेने अन्य साथी भी चांदो गए थे, चांदो बाजार के दिन आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बाजार के पास से बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवी 8721 को चोरी कर अम्बिकापुर ले आया। इसके बाद माह मार्च में मिशन अस्पताल से बाइक क्राम सीजी 15 सीआर 6905, महामाया चौक समीप होटल के पास भी एक बाइक तथा मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 3245 को चोरी किया है।, इसके बाद अप्रैल में ही पुनः मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 9236 एवं बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजी 0603 को चोरी करना बताया है। साथ ही बताया कि दो दिन पहले ही मिशन अस्पताल के सामने से बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवी 9580 को चोरी किया है जिसे अपने पास छुपा कर रखा है। पुलिस टीम ने आरोपी के पास से 6 बाइक जब्त किया एवं चोरी किए एक बाइक को अपने साथी जावेद खान निवासी बरगीडीह को देना बताया है। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर बरगीडीह निवासी जावेद खान को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किए बाइक को बरामद किया।

पुलिस ने दोनो आरोपियों के कब्जे से 4 लाख कीमत के 7 बाइक बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध पूर्व मे भी आपराधिक प्रकरण दर्ज है और चोरी के मामले मे शामिल रहे है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।



## बेलसोता नाला पर पुल निर्माण हेतु मिट्टी परीक्षण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत कैलाशपुर और राजापुर के बीच बहने वाले घुनघुट्टा नदी के बेलसोता नाला पर टूटे पुल को लेकर पिछले दिनों कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन उपरांत अब यहां पुल निर्माण हेतु मृदा परीक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है।

गौरतलब है कि करीब 22 साल पहले वर्ष 2003 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बड़े अरमानों के साथ इस पुल का निर्माण किया गया था। यह पुल आसपास के दर्जनों गांवों के लिए विकास की जीवनरेखा था। लेकिन 23 जुलाई 2025 को हुई मूसलाधार बारिश में पुल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई थी। पुल के टूटते ही गांवों का शहर से संपर्क भी मानो ढह गया था। आज हालत यह है कि गर्मी के दिनों में जब घुनघुटा नदी सूख जाती है, तब ग्रामीण किसी तरह अस्थायी रास्ते बनाकर आवागमन कर ले रहे हैं। लेकिन जैसे ही बारिश का मौसम दस्तक देगा, पानी का तेज बहाव इन रास्तों को निगल जाएगा। जिससे करीब एक दर्जन गांव पूरी तरह टापू में तब्दील हो जाते हैं। इस पुल के टूटने का सबसे दर्दनाक असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। कैलाशपुर हाई स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं बारिश के दिनों में घरों में कैद हो जाते हैं। कई बच्चे तो मजबूरी में पढ़ाई छोड़ने की कगार पर पहुंच जाते हैं। बेलसोता नाला पुल के टूटने से शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी से दर्जन भर से अधिक गांवों के लोगों को परेशानी उठानी पड़ जाती है। लोगों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह के उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा पिछले दिनों 9 अप्रैल को कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा को ज्ञापन सौंपकर उक्त स्थल पर नए पुल निर्माण कराए जाने की मांग की गई थी।

साथ ही 15 दिवस में कोई पहल नहीं किए जाने पर ग्रामीणों द्वारा एनएच 43 पर ग्राम पंचायत तेलईकछार केनापारा में उग्र आंदोलन की बात कही गई थी। जिस पर प्रशासन द्वारा यहां पुल निर्माण कार्य हेतु टेस्टिंग कार्य शुरू करा दिया गया है।

## सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का दर्शन एवं सत्संग आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को सरगुजावासियों के लिए यादगार दिन होगा। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा खरसिया रोड स्थित अग्रसेन भवन में चुम्बकीय गुणों वालें हजारों वर्ष पुराने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु 22 अप्रैल को शाम 5.30 बजे से रात्रि 8 बजे तक इस दिव्य ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकेंगे।

- तैयारियों में जुटा आर्ट ऑफ लिविंग परिवार

आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ योग शिक्षक अजय तिवारी एवं संजय अग्रवाल ने बताया कि सोमनाथ स्थित जगमाता मंदिर में स्थापित अखण्ड ऊर्जा एवं दिव्य गुणों वाले ज्योतिर्लिंग को मुगल आक्राताओं ने तोड़कर नष्ट कर दिया था। मंदिर के पुजारियों ने इस दिव्य ज्योतिर्लिंग के टूकड़ों को जंगल में संरक्षित रखा तथा टुकड़ों को जोड़कर इसकी पूजा-अर्चना कर रहे थे। ज्योतिर्लिंग के अंतिम संरक्षक सीताराम शास्त्री ने इस दिव्य शिवलिंग को बंगलोर स्थित आश्रम में संत श्री रविशंकर को सौंपा। यह दिव्य शिवलिंग अन्य शिवलिंगों की तरह धरातल पर



स्थापित नहीं था अपने चुम्बकीय गुणों के कारण हवा में झूलते रहता था। पत्थर के इस ज्योतिर्लिंग की चुम्बकीय शक्ति को देख वैज्ञानिक भी हैरान है। इस शिवलिंग में मैगनेशियम, सिलिकॉन, सल्फर, आयरन एवं बेरियम आदि की रासायनिक संरचना मिली है। इस दिव्य शिवलिंग में आज भी चुम्बकीय शक्ति गुणों से उर्जित है। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा इस ज्योतिर्लिंग का दर्शन कराने देशभर में यात्रा के माध्यम से दर्शन कराया जा रहा है। यात्रा पूरी होने के उपरांत इसे गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर में स्थापित किया जाएगा। बुधवार को ऑर्ट ऑफ लिविंग द्वारा अग्रसेन भवन में सत्संग का भी आयोजन किया जाएगा। आर्ट ऑफ लिविंग के सभी सदस्य आयोजन की तैयारियों में जुटे है।

## दो गांजा तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 3 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। स्कूटी सवार युवक घुटरा पारा नहर रोड में ग्राहक का इंतजार कर रहा था तभी पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 किलो 4 सौ ग्राम गांजा जब्त किया वहीं पुलिस ने गांजा सप्लाई करने वाले युवक को भी गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गशत कर रही पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि स्कूटी सवार युवक बड़ी मात्रा में गांजा लेकर घुटरापारा नहर रोड में ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर नहर रोड में स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईएफ 7178 लेकर खड़े मोमिनपुरा आयान मार्ग निवासी शाहबाज आलम आ. स्व. निजामुद्दीन (24 वर्ष) को संदेह के आधार पर पकड़ पूछताछ किया तो युवक गोल मोल जवाब देने लगा।



पुलिस ने जब स्कूटी की तलाश ली तो स्कूटी की डिक्की में रखे 3 किलो 4 सौ ग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ करने पर युवक ने गांजा मोमिनपुरा निवासी मो. इज़ाज़ से 8 हजार रूपए में खरीदने बात बताई। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर मो. एजाज आ. आवेश (47 वर्ष) को पकड़ा तो मो. एजाज ने सीतापुर पेट निवासी होना बताया। साथ ही गांजा लैलूंगा से खरीद कर सप्लाई करने की बात बताई। पुलिस ने आरोपियों पास से गांजा सहित स्कूटी व मोबाइल को जब्त कर दोनों के विरूद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### कलेक्टर ने एनआरसी वार्ड का किया आकस्मिक निरीक्षण

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र वार्ड का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एनआरसी वार्ड में भर्ती बच्चों की स्थिति और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही वहां दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने एनआरसी में भर्ती कम वजन के बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं एवं उपचार व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने बच्चों के वजन, ऊँचाई व स्वास्थ्य सुधार की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री कटारा ने संबंधित अधिकारियों को एनआरसी के सुदृढ़ीकरण और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कुपोषित बच्चों को बेहतर स्थिति में लाने विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही जिन बच्चों की एनआरसी से छुट्टी हो उन सभी बच्चों का फॉलोअप भी अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हो सके।

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर**
**जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

क्रमांक /210/0/वाचक-2/2025 सूरजपुर दिनांक 10/4/2026

**सार्वजनिक उद्घोषणा/ईश्तहार**

सर्व साधारण ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम/नगर--- प.ह.नं.-16 तहसील-सूरजपुर जिला-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालेश्वर पिता स्व.चैन सिंह जाति गोड़ निवासी गाम पोड़ी पोस्ट केतका थाना सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने पुत्र/पुत्री/माता लवांगा पति चैन सिंह मृत्यु तिथि 23.12.2023 स्थान पोड़ी के मृत्यु पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसमें कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस न्यायालय में जिस व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 25/04/2026 दिन शनिवार को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.4.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
उप तह.मानी, तहसील सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालयः-प्रधान जिला न्यायाधीश सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी- विनीता वार्नर)
सिविल अपील क्रमांक-11-ए/2025
पेशी दिनांकः-02-05-2026
प्रो.नं.:-861/2026

01-तुलेश्वरी चौबे उर्फ नन्दू पुत्री स्व.द्विजदेव प्रसाद तिवारी पत्नी बिजेन्द्रनाथ चौबे, उम्र लगभग 67 वर्ष, जाति-ब्राम्हण, हाल मुकाम मोहल्ला भट्टीपारा नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) ----अपीलार्थी

**प्रति,**

01-रुकमणी तिवारी बेवा स्व. पार्थदत्त तिवारी, उम्र लगभग 80 वर्ष,
02-निलाअंजना आ.स्व.पार्थदत्त तिवारी पत्नी अभिताब शर्मा,
क्र.1 व 2 निवासी ग्राम-नमदगिरी, थाना, तहसील एवं जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
03-संध्या सिंह पुत्री स्व.ललन सिंह पत्नी श्री राजवर्धन सिंह, उम्र लगभग 56 वर्ष, निवासी देवीगंज रोड अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
04-संगीता पुत्री स्व. ललन सिंह, पत्नी सुरेन्द्र सिंह, उम्र लगभग 52 वर्ष, निवासी-न्यू कॉलोनी बस स्टेण्ड के पास मनेन्द्रगढ़, जिला-कोरिया (छ.ग.)
----उत्तरवादीगण

अपीलार्थी ने उत्तरवादीगण के विरुद्ध सिविल अपील अन्तर्गत धारा-96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के तहत पेश किया गया है, उक्त प्रकरण में उत्तरवादीगण को कई बार उपस्थिति हेतु पंजीकृत डाक से समंस भेजा गया हैं किन्तु समंस की तामिली नहीं हो पा रही हैं।

अतः उत्तरवादीगण को इस ईश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सिविल प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ती हो तो वह दिनांक 02-05-2026 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो, जिसे सम्यक अनुदेश दिये हो और इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देशित किया जाता है कि आप उस दिन सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे व शक्ति में हो, पेश करें।

यदि आप बताई गई उक्त तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो आपके विरुद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है, या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 20-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

**(विनीता वार्नर)**
प्रधान जिला न्यायाधीश,
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### जिले में यात्री बसों के परमिट के अनुसार संचालन की मांग, आरटीओ को सौंपा ज्ञापन

**राजापुर।** जिले में यात्री बसों के परमिट के अनुसार संचालन नहीं होने से तथा यात्रियों को हो रही परेशानियों को लेकर सर्व नवीन सोनार समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष सुरेश सोनी ने जिला परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंप। साथ ही व्यवस्था सुधारने की मांग की है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिले में संचालित कई यात्री बसें निर्धारित परमिट और तय मार्ग के अनुसार नहीं चल रही हैं। विशेष रूप से एनएच 343 मार्ग पर अंबिकापुर से रामानुजगंज तक संचालित बसों की स्थिति चिंताजनक है। कुछ बसें निर्धारित मार्ग से हटकर अंबिकापुर से सेमरसोत होते हुए बलरामपुर-रामानुजगंज पहुंच रही हैं, जबकि कुछ बसें वाड्रफनगर मार्ग का उपयोग कर रही हैं। ऐसे में मुख्य मार्ग पर पड़ने वाले कई गांवों और कस्बों के यात्रियों को बस सुविधा नहीं मिल पा रही है। इस अनियमितता के कारण परसा, ककना, बरियों, राजपुर, झींगों, बासेन, पस्ता और पाढ़ी क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों और दैनिक यात्रियों को निजी वाहनों या वैकल्पिक साधनों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जिससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार की परेशानियां बढ़ रही हैं। सुरेश सोनी ने मांग की है कि सभी यात्री बसों का संचालन उनके निर्धारित परमिट और मार्ग के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। यदि बसें तय रूट पर नियमित रूप से चलेंगी तो लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन व्यवस्था सुचारू हो सकेगी। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी यशवंत यादव ने कहा कि मंगलवार शाम को यातायात और परिवहन विभाग द्वारा सेमरसोत जाएंगे और यात्री बस का जांच कर गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक - 26 अप्रैल 2026, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक
दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 03 मई, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

TOP IN SURGUJA
ASHISH COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ

## खबर संक्षेप



### बतौली में सांसद बृजमोहन का किया गया भव्य स्वागत

**सेदम।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल का बतौली में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे के साथ बाइक रैली निकाली।मैनपाट जाने के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल व भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर बतौली में रुके जहां समर्थकों द्वारा पुराने बस स्टैंड से लेकर बगीचा चौक तक उनका बाइक रैली गाजे बाजे पटाखों के साथ स्वागत किया। बगीचा चौक पहुंचने पर भाजपा नेता मनोज गर्ग कामरेड के घर उनकी माताजी से उनका हालचाल पूंछा। साथ ही सभी भाजपा पदाधिकारी से विधान सभा की जानकारी ली। इसके अलावा शासन द्वारा दी जा रही सुविधा का जायजा लिया। इस दौरान अशोक गुप्ता, आशीष गुप्ता, प्रवीण गर्ग, नितेश गर्ग, नवीन गर्ग, उमेश अग्रवाल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, गुलाब गोयल, अनिमेष अग्रवाल, रवि नामदेव, अंकित अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मोनू पंडित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिगड़ी में लाखों की वित्तीय अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** ग्राम पंचायत जिगड़ी में विभिन्न योजनाओं में लाखों रुपए में वित्तीय अनियमितताओं पर कार्रवाई किए जाने तथा वसुली न होने के संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत जिगड़ी में 19,82,123 रुपये के गबन एवं अनियमितताओं पर कार्रवाई एवं वसूली नहीं होने पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। जनपद पंचायत द्वारा की गई जांच में सरपंच एवं सचिव के विरुद्ध लगाए गए आरोप सत्य पाए गए तथा कुल राशि 19 लाख 82 हजार 123 रुपए की वसूली निर्धारित की गई थी।परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि वित्तीय अनियमितता की राशि तत्काल वसूली की जाए और सरपंच एवं सचिव पर एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि 15 दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ नयन तारा सिंह तोमर ने बताया कि मामला वर्ष 2019 का है। इस मामले में जो भी नियमानुसार कार्रवाई होगा किया जाएगा।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कुसमी बाबा पारा निवासी पिन्टू प्रजापति आ. धरम साय (43 वर्ष) शराब पीने का आदि था। आए दिन शराब पीकर घर आने से परिजन नाराज थे। 15 अप्रैल को शराब पीकर घर पहुंचा तो पत्नी फुलमनिया ने शराब पीने से मना किया। जिस पर पिन्टू ने 17 अप्रैल को कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ग्रामीण की गंभीर हालत होने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत में सुधार नहीं होने पर रायपुर रेफर कर दिया। परिजन ग्रामीण को रायपुर के बजाय शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## एफआरयू सेंटर में ब्लड बैंक, आईसीयू, एम्बुलेंस की है समस्या

# विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव में जूझ रहा है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर वर्षो पुराने होने के बावजूद आज तक न तो विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थ हुई है और न ही अस्पताल में ब्लड बैंक व आईसीयू की व्यवस्था हो सकी। ऐसे में अस्पताल पहुंचने वाले मरीज को जिस तरह से स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलना चाहिए उस तरह की सुविधा से लोग वंचित है। अस्पताल में कोई गंभीर मरीज दाखिल हो गया तो उपचार के बजाय उसे तत्काल रेफर कर दिया जाता है जिससे कई मरीजों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया है।

**खास बात**

- बड़ी संख्या में उपचार कराने विकासखंड से आते है लोग

विकासखंड उदयपुर के एक मात्र आदिवासी बहुल इलाकों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जो जो वर्षों पुरानी और एफआरयू सेंटर का दर्जा प्राप्त है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विकास खंड के 92 गांव के लोग इलाज करवाने पहुंचते है। इसके अलावा प्रेमनगर, लखनपुर विकासखंड के गांवों के लोग इलाज करवाने आते है। नेशनल हाईवे पर दुर्घटना के गंभीर मरीज भी आए दिन पहुंचते जिससे अस्पताल लोगों के लिए जीवनदायिनी बन चुकी है। लेकिन शासन, प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाखों रुपए खर्च कर रही है। बावजूद इसके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। सही समय में सही इलाज नहीं मिलने पर मरीजों की जान चली जाती है। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक के नहीं होने के कारण कई बार हार्ड अटैक के गम्भीर मरीज अस्पताल आते हैं लेकिन उन्हें ईसीजी तक सुविधा नहीं मिलती जिससे रेफर करने पर परिजन को 50 से 100 किलोमीटर दूरी तय कर जिला मुख्यालय अम्बिकापुर ईलाज के लिए जाना पड़ता है। ऐसे में अस्पताल में मूलभूत सुविधा नहीं होने का खामियाजा मरीज सहित परिजन को भुगतना पड़ता है। इसके अलावा मरीजों को लाने ले जाने के लिए एक एंबुलेंस की व्यवस्था थी वह भी एक्सीडेंट होने से अस्पताल परिसर में ही खड़ा कर दिया और मरम्मत नहीं होने के कारण कबाड़ में तब्दील हो गई है। ऐसे में एंबुलेंस की सुविधा नहीं होने के कारण मरीज को रेफर करने के बाद परिजन इधर उधर वाहन की व्यवस्था करने भटकने को विवश होते है। कई बार तो एंबुलेंस के अभाव में कई लोगों की जान जा चुकी है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों का अभाव

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को एफआरयू सेंटर का दर्जा प्राप्त है लेकिन सेटप के मुताबिक हॉस्पिटल में 6 मेडिकल ऑफिस चाहिए लेकिन वर्तमान में मात्र दो मेडिकल ऑफिसर है और 4 पद खाली है। इसके अलावा स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन, एनिस्थिसिया सहित अन्य कई विशेषज्ञों का पद वर्षो से रिक्त पद पड़े हैं। अस्पताल में कुछ एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थ हैं भी जो जूनियर होने के कारण ज्यादा तर मरीजों को रेफर करते है।जीवन दयनीय अस्पताल में कई किलोमीटर लंबी दूरी तय कर दूर दूराज क्षेत्र से लोग आते हैं लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी एवं समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण छोटे छोटे बिमारी के ईलाज के लिए जिला मुख्यालय अम्बिकापुर जाना पड़ता है। ऐसे में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### ब्लड बैंक एवं आईसीयू की आवस्यकता

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एफआरयू सेन्टर के दर्जा प्राप्त है। हैरानी की बात यह है कि जीवन दयनीय अस्पताल में आज तक ब्लड बैंक के अलावा आईसीयू की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में सड़क दुर्घटना के गंभीर मरीज एवं बीमारी से गंभीर हुए मरीजों को अस्पताल में सुविधा नहीं होने के कारण रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में दुर्घटना में घायल मरीज एवं गंभीर बीमार मरीज सुविधा के अभाव में मौत हो जाती है।

### अधिकारियों को कराया गया है अवगत

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेषज्ञ डॉक्टर सहित अन्य समस्याएं में है। विशेषज्ञ चिकित्सक एवं अस्पताल की समस्याओं से उच्च अधिकारियों एवं विभाग को अवगत कराया गया है।

-डॉ. योगेंद्र पैकरा, बीएमओ उदयपुर



# केतकी खदान के मुख्य द्वार पर एटक का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की केतकी भूमिगत खदान के मुख्य द्वार पर संयुक्त कोयला मजदूर संघ - एटक के बैनर तले ठेका श्रमिकों ने मंगलवार सुबह जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह 7 से 9 बजे तक चले सांकेतिक धरने में बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

- 3 दिन में मांगें पूरी नहीं हुईं तो सबएरिया कार्यालय के घेराव की चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग ने प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने खदान प्रबंधन पर आरोप लगाया कि लिखित आश्वासनों के बावजूद श्रमिकों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। खदान में ठेका श्रमिकों के लिए स्टैंडिंग ऑर्डर नहीं होने से कंपनियां मनमानी कर रही हैं और श्रमिकों को महीने में महज 10 से 15 दिन ही काम मिल पा रहा है। उन्होंने सुरक्षा मानकों की अनदेखी, सीएमपीएफ मद में की गई कटौती का भुगतान लंबित होने, तथा नियोजन और सेवा समाप्ति की स्पष्ट नीति न होने जैसे मुद्दे भी उठाए। उनके अनुसार, इन परिस्थितियों में पेटी कॉन्ट्रैक्टरों और बिचौलियों द्वारा अवैध वसूली और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही वर्ष 2024-25 का पीएलआई/बोनस पूर्ण रूप से नहीं दिया गया है और श्रमिकों को वेतन व बोनस पर्ची भी नहीं मिल रही है। धरना को एटक के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आर.के द्विवेदी और क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य सजल मित्रा ने भी संबोधित किया। उन्होंने श्रमिकों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। प्रदर्शन के बाद यूनियन ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर 9 सूत्रीय मांगों पर तीन कार्य दिवस के भीतर कार्रवाई की मांग की है। एटक ने चेतावनी दी है कि यदि समय सीमा में मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आरजीके सहक्षेत्र कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।इस दौरान एटक के पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ठेका मजदूर विरोध प्रदर्शन में लाल झंडे के साथ शामिल हुए।

# अखिल भारतीय सैनिक स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट इंट्रा ग्रुप 'एफ' का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सैनिक स्कूल में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट इंट्रा ग्रुप 'एफ' का आयोजन 21 से 25 अप्रैल तक किया जा रहा है। सैनिक स्कूल सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कुल छह विद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें सैनिक स्कूल कोरुकोंडा आंध्र प्रदेश, सैनिक स्कूल भुवनेश्वर ओडिशा, सैनिक स्कूल अंबिकापुर छत्तीसगढ़, सैनिक स्कूल संबलपुर ओडिशा, एनएसएस आदर्शिला विद्या मंदिर बिलासपुर तथा एनएसएस एलॉन पब्लिक स्कूल बेमेतरा शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में सब-जूनियर बालक, जूनियर बालिका एवं जूनियर बालक वर्गों के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम 48 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह मंगलवार प्रातः 7 बजे सोमनाथ स्टेडियम, सैनिक स्कूल अंबिकापुर में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में सभी प्रतिभागी टीमों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया तथा खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा बनाए रखने की शपथ ली। उद्घाटन समारोह के पश्चात प्रथम लीग मैच का शुभारंभ किया गया और प्रतियोगिता का औपचारिक आरंभ हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन लीग प्रारूप में किया जा रहा है, जिसमें सभी टीमें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक-दूसरे के विरुद्ध मुकाबला करेंगी। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी तकनीकी दक्षता, शारीरिक क्षमता, रणनीति तथा टीमवर्क प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान कर रही है। प्रतियोगिता का समापन समारोह 25 अप्रैल को सोमनाथ स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। समापन समारोह के दौरान घुड़सवारी प्रदर्शन एवं अन्य आकर्षक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने सभी प्रतिभागी टीमों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन की कामना की है। साथ ही अभिभावकों को फुटबॉल प्रतियोगिता में आमंत्रित किया गया है ताकि वे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर सकें और इस खेल आयोजन का आनंद ले सकें। यह प्रतियोगिता कैडेट्स में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



## तिनक धिन धा सिंगिंग कॉन्टेस्ट के लिए ऑडिशन 23 मई को

**अम्बिकापुर।** सुरीली आवाज़ को मंच देने के उद्देश्य से सप्त सुरम ट्रस्ट द्वारा तिनक धिन धा कराओ सिंगिंग कॉन्टेस्ट' का ऑडिशन 23 मई को सुबह 10.30 से शाम 6.30 बजे तक होटल अलंकार मे आयोजित किया जाएगा।आडीशन के बाद चयनित टॉप 15 प्रतिभागियों का ग्रैंड फिनाले 24 मई को शाम 5.30 बजे राज मोहनी ऑडिटोरियम मे होगा।फिनाले में विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।कार्यक्रम पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, भाजपा प्रदेश मंत्री अखिलेश सोनी ,ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, लक्ष्मी जायसवाल, पार्षद आलोक दुबे के आतिथ्य एवं महापौर श्रीमति मंजुषा भगत की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा।

# भीषण गर्मी में पशुओं को हीट स्ट्रोक से बचाने पशुपालन विभाग ने जारी की एडवाइजरी



**अम्बिकापुर।** जिले में बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए पशुपालन विभाग ने पशुपालकों और किसानों के लिए एडवायजरी जारी की है। अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. सीके मिश्रा ने बताया कि अत्यधिक तापमान के कारण पशुओं में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है, जिससे उनकी शारीरिक क्षमता और दुग्ध उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

- पशुपालकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह

डॉ. मिश्रा ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर पशुपालक न केवल अपने पशुओं को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि आर्थिक हानि से भी बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि पशुओं को लू से बचाने के लिए उनके आवास शेड पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पशुओं को हमेशा ठंडी और हवादार जगह पर रखें। शेड के ऊपर टाट, घास डालकर या सफेद पेंट कर तापमान को कम रखा जा सकता है। शेड में पंखे या कूलर का उपयोग करें। दोपहर के समय पशुओं को सीधी धूप में बाहर कतई न बांधें। पशु शेड के आसपास छायादार वृक्षों का होना तापमान नियंत्रण में अत्यधिक सहायक होता है। पशुओं को दिन में कम से कम 3-4 बार ताज़ा और ठंडा पानी पिलाएं। पानी में इलेक्ट्रोलाइट, नमक या गुड़ का घोल मिलाकर देने से लू से बचाव होता है। शरीर के तापमान को संतुलित रखने के लिए दिन में 1-2 बार पशुओं को नहलाना लाभदायक है। पशुओं को सुबह और शाम के ठंडे समय में ही चारा दें। दोपहर में भारी दाना देने से बचें और आहार में पर्याप्त हरा चारा शामिल करें। यदि पशु तेज सांस ले रहा हो, हांफ रहा हो, मुंह खोलकर सांस ले रहा हो या उसके मुंह से लार टपक रही हो, तो यह लू लगने के संकेत हैं। शरीर का अत्यधिक गर्म होना या पशु का सुस्त होकर गिर जाना भी चिंताजनक लक्षण हैं। डॉ. मिश्रा ने सलाह दी है कि लू के लक्षण दिखने पर पशु को तुरंत छाया में ले जाएं और उसके सिर व गर्दन पर ठंडा पानी डालें। प्राथमिक उपचार के साथ ही नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क कर उचित इलाज कराएं।

## अजगरा नाला के समीप पटला बाराती पिकअप, एक युवक की मौत


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अजगरा नाला के समीप बाराती पिकअ पलट जाने से सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि अन्य लोग घायल हो गए। घायलों का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोटराही निवासी जीवन लाल पंडो आ. स्व. अहारी (17 वर्ष) सोमवार को परिजन को गांव में घूमने जाने की बात कहकर निकला था। इसी बीच गांव से जा रहे बारात में शामिल हो गया। युवक अन्य लोगों के साथ पिकअप क्रमांक सीजी 15 एसी 1649 में सवार होकर बारात जाने लगा। जैसे ही बाराती पिकअप अजगरा नाला के समीप पहुचा तभी चालक पिकअप से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित हो कर नाला के समीप पलट गया। वाहन के नीचे दब जाने से जीवन लाल सहित अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने जीवन लाल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। वहीं अन्य घायलों को स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## बालिका गृह के कर्मचारी को चकमा देकर फरार हुई किशोरी

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जांच कराने आई किशोरी ने बालिका गृह के महिला कर्मचारियों को चकमा देकर फरार हो गई। बालिका गृह के कर्मचारियों ने किशोरी के भाग जाने की सूचना अस्पताल के पुलिस सहायता केंद्र में की है। जानकारी के अनुसार लगभग 4-5 दिन पूर्व 17 वर्षीय किशोरी को बलरामपुर जिले के महिला बाल विभाग द्वारा शहर के दर्रीपारा स्थित बालिका गृह भेजा गया था जहां किशोरी 4-5 दिन से रह रही थी। किशोरी ने स्वास्थ्य बिगड़ने शिकायत की तो बालिका गृह के महिला कर्मचारियों ने किशोरी को जांच व उपचार कराने मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुचे। कर्मचारी चिकित्सकों से जांच कराने पर्ची कटा रहे थे तभी किशोरी ने कर्मचारियों को चकमा देकर फरार हो गई। इधर बालिका गृह के कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में किशोरी की तलाश शुरू की लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चला। जिस पर कर्मचारियों ने किशोरी के भाग जाने की सूचना अस्पताल के पुलिस सहायता केंद्र में की।




# हाथी के हमले से दो युवकों की मौतः कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मृतकों के परिजन से की मुलाकात, बंधाया ढांढस



**बिश्रामपुर।** लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कोटबहरा गांव व घाघी टिकरा में दो लोगों की हाथियों द्वारा कुचलने से मौत होने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने आज मंगलवार को पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार व ग्रामीणों की मांग पर जल्द ही सूरजपुर कलेक्टर से मुलाकात कर न्याय दिलाए जाने की मांग करने का भी भरोसा दिलाया है।

गौरतलब है कि बुधवार शाम दल से बिछड़े एक हाथी के हमले में मृतक केशव भोई पिता साधु भोई निवासी कोटबहरा बाइक से उसके साथ कार्य करने वाली महिला को छोड़ने उसके घर जा रहा था, तभी जंगल में अचानक हाथी से आमना-सामना हो गया था। बचने की कोशिश में हाथी ने उसे पकड़कर कुचल दिया। बाइक में सवार महिला किसी तरह जान बचाकर भाग निकली, हालांकि वह तार की फेंसिंग में फंसकर घायल हो गई थी। इसी तरह गुरुवार को उसी हाथी ने ग्राम पंचायत अखोराकला के घाघीटिकरा निवासी 45 वर्षीय सोहन सिंह पिता जगरनाथ सिंह को भी कुचलकर उसकी हत्या कर दिया था। दोनों युवकों की हाथी से कुचलने से मौत होने पर मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने दोनों पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाते हुए उनके न्याय की लड़ाई लड़ने का आश्वासन दिया है। जिलाध्यक्ष शशि सिंह को परिजन व उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि पिछले करीब डेढ़ महीने से हाथी इस क्षेत्र में आतंक मचाते हुए जानमाल का नुकसान कर रहे हैं, बावजूद इसके वन विभाग व प्रशासन द्वारा लापरवाही बरती जा रही थी, इसी वजह से दो युवकों की मौत हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर शाम ढलते ही विद्युत विभाग द्वारा हाथियों के रिहायशी इलाके में पंहुचने पर लाइट गुल कर दिया जाता है और लोगों को परेशानी उठानी पड़ जाती है। उन्होंने बताया कि हाथी में मृत युवकों के परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजा राशि में भी बढ़ोत्तरी कराई जाए और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को तत्काल नौकरी दिलाई जाए। ग्रामीणों ने बताया कि कोट बहरा गांव में वन विभाग द्वारा जो बेवजह सीपीटी गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं, उसमें कम से कम किसी व्यक्ति के गुजरने का मार्ग भी शुरू कराया जाए, जिससे करीब चार पांच सौ लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने लोगों को आश्वस्त किया कि जल्द ही पीड़ित परिवार के साथ मिलकर एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर एस जयवर्धन से मुलाकात कर न्याय दिलाने की मांग की जाएगी। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कंवल बिहारी सिंह टेकाम, सरपंच गोवर्धन सिंह मरकाम, मो. इस्माइल खान, सुनील सारथी, वेद प्रकाश मिश्र, इम्तियाज अहमद, रोहन राजवाड़े, लिली राजवाड़े, भुनेश्वर सिंह कोर्राम, जरीना सुल्ताना, रणजीत सिंह, शिव राजवाड़े, जैनुल अफजल, सरपंच निरुपा सिंह नेताम, व अन्य उपस्थित थे।

